वर्ष:- 05
अंक:- 337
मुरादाबाद
(Thursday)
02 April 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

धेमाजी में BJP की रैली: PM बोले- कांग्रेस के राजकुमार हार का शतक लगाएंगे;चाय के साथ चिप भी बनेगी असम की पहचान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर ओडिशा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य संस्कृति व आध्यात्मिक महानता के शाश्वत प्रतीक के रूप में गौरवान्वित है। इसके साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री ने भी राज्य के लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी।इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य संस्कृति व आध्यात्मिक महानता के शाश्वत प्रतीक के रूप में गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में एक चाय बागान का दौरा किया। यहां उन्होंने महिला मजदूरों से बातचीत की, उनके साथ चाय की पत्तियां

PM मोदी का चाय वाला कनेक्शन: असम के बागान में पत्तियां तोड़ीं, महिला मजदूरों के साथ ली सेल्फी

तोड़ीं और उनकी समस्याएं जानीं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ में चाय बागान के मजदूरों के साथ एक यादगार सुबह बिताई। मनोहरि टी एस्टेट पहुंचे पीएम मोदी ने वहां काम करने वाली महिला मजदूरों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को करीब से जाना। उन्होंने न केवल उनके साथ चाय की पत्तियां तोड़ीं, बल्कि उनके पारंपरिक झुमुर नृत्य का भी आनंद लिया। पीएम ने चाय को %असम की आत्मा% बताते हुए यहां के परिवारों की मेहनत की सराहना की। चुनाव प्रचार के बीच चाय बागान समुदाय के साथ उनका यह जुड़ाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विकास कार्यों को गिनाया और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा-एनडीए की जीत का भरोसा जताया और असम को बाढ़ मुक्त, तकनीकी हब और विकसित राज्य बनाने का वादा किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार यानी आज असम के दौरे पर हैं। उन्होंने धेमाजी जिले के गोगामुख में सुबह 11 बजे अपनी पहली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने भाजपा उम्मीदवार रनोज पेगू और नबा कुमार डोले के पक्ष में जनता से वोट मांगे। अब प्रधानमंत्री विश्वनाथ जिले के लिए रवाना होंगे, जहां दोपहर 1 बजे उनकी दूसरी बड़ी जनसभा होनी है। प्रधानमंत्री बेहाली में भाजपा उम्मीदवार पल्लव लोचन दास के समर्थन में प्रचार करेंगे। इन कार्यक्रमों में भाजपा के कई बड़े नेता और राज्य सरकार के मंत्री भी मौजूद हैं। रैलियों को देखते हुए सुरक्षा के बहुत कड़े इंतजाम किए गए हैं। अपनी चुनावी रैली से पहले पीएम डिब्रूगढ़ पहुंचे और चाय के बागान में काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। इसका अनुभव साझा करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, %चाय असम की आत्मा है! यहां की चाय पूरी दुनिया में मशहूर है। आज सुबह डिब्रूगढ़ में, मैं एक चाय बागान में गई और वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। यह एक बेहद यादगार अनुभव था। इसके बाद पीएम अपनी पहली रैली को संबोधित करने के पहुंचे। यहां उन्होंने कहा, असम के चुनाव की घोषणा के बाद ये मेरी पहली जनसभा है। लोगों की यह भारी भीड़ तीसरी बार जीत का पक्का सबूत है। प्रधानमंत्री ने बताया कि जनता के आशीर्वाद से उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की हैट्रिक पूरी की है। अब असम में भी भाजपा-एनडीए की जीत की हैट्रिक लगेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव विकसित असम और विकसित भारत बनाने के लिए है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी तीसरी हार तय है। कांग्रेस के %राजकुमार% हार का शतक लगाएंगे। उन्होंने सर्वानंद सोनोवाल और हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में हुए 10 साल के विकास कार्यों की भी तारीफ की। विकास कार्यों का किया जिक्र- विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 22 लाख परिवारों को पक्के घर मिले हैं। भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार, जिन परिवारों को अब तक घर नहीं मिले, उन्हें भी पक्के मकान दिए जाएंगे। आने वाले समय में 15 लाख और परिवारों को घर देने की गारंटी है। गरीब बच्चों को बालवाड़ी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन (स्नातकोत्तर) तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी। महिलाओं के लिए उन्होंने कहा कि लखपति दीदी अभियान से असम की तीन लाख बहनें लखपति बाईदेव बन चुकी हैं। एनडीए सरकार अब 40 लाख बहनों को लखपति बाईदेव बनाने का प्रयास करेगी। इसके साथ ही ओरुनोदोई योजना का विस्तार होगा और इसमें अधिक लाभ जोड़े जाएंगे।साझा किया विकास के लिए अपना रोडमैप- अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के विकास के लिए अपना रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि असम को बाढ़ से बचाने के लिए सरकार ने 18,000 करोड़ रुपये से अधिक का बाढ़ मुक्त असम मिशन शुरू किया है। इसके तहत आधुनिक तटबंध बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले असम में बम और हिंसा का माहौल था, लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद हजारों युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा को अपना लिया है। किसानों पर क्या बोले पीएम?- किसानों के फायदे का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना से असम के करीब 11 लाख किसानों को 730 करोड़ रुपये से अधिक का क्लेम मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब असम की पहचान सिर्फ चाय से नहीं, बल्कि चिप (सेमीकंडक्टर) से भी होगी। असम में सेमीकंडक्टर प्लांट लगने से यह आधुनिक तकनीक का बड़ा केंद्र बनेगा। भविष्य में फोन, गाड़ियां, टीवी और फ्रिज जैसे सामान असम में बनी चिप से ही चलेंगे। कांग्रेस पर साधा निशाना- कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए समाज को बांटा और ब्रह्मपुत्र के दो किनारों को कभी जुड़ने नहीं दिया। कांग्रेस ने 60-65 साल में ब्रह्मपुत्र नदी पर सिर्फ 3 पुल बनाए थे। इसके विपरीत, डबल इंजन सरकार ने पिछले 11 वर्षों में ही 5 बड़े पुलों का काम पूरा किया। बोगीबील और भूपेन हजारिका जैसे पुलों ने असम के लोगों का जीवन बदल दिया है। उन्होंने भरोसा दिया कि भाजपा सरकार बनने पर असम का विकास और तेजी से होगा और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी के लिए हमेशा सत्ता की राजनीति और अपना परिवार ही सबसे ऊपर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक परिवार है और एक परिवार यहां असम में भी है। कांग्रेस ने दशकों तक शासन किया, लेकिन लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की। पिछले 6-7 दशकों में असम में सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज बने थे। इसके विपरीत, आज असम में 14 मेडिकल कॉलेज हैं और 10 नए कॉलेजों पर काम चल रहा है। रायगढ़ के किले में मिला अनोखा वॉचटॉवर, कभी शिवाजी महाराज के शासन का केंद्र था यह इमारत- 2014 से पहले के बिल का किया जिक्र- प्रधानमंत्री ने 2014 से पहले के एक विवादित बिल का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र में सांप्रदायिक हिंसा बिल लाना चाहती थी। इस बिल का मकसद सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करना था। उस कानून में हिंसा होने पर बहुसंख्यक समाज को अपराधी और अल्पसंख्यकों को पीड़ित घोषित करने की तैयारी थी। भाजपा ने इस भेदभाव वाले बिल का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब 12 साल बाद कांग्रेस फिर से असम में वैसा ही कानून लाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता चुनाव जीतने के लिए खुलेआम ऐसी बातें कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले मुस्लिम लीग और अब कांग्रेस देश को बांटने की कोशिश कर रही है। दी मोदी की गारंटी- उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस असम में विदेशियों को बसाना चाहती है। उनका मकसद यहां के मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाना है। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भाजपा-एनडीए सरकार किसानों, आदिवासियों और जंगलों की जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा नहीं होने देगी। उन्होंने भरोसा दिया कि अवैध कब्जे के खिलाफ सरकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की शान और पहचान को सुरक्षित रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने इसे %मोदी की गारंटी% बताते हुए कहा कि असमिया पहचान पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

ईडी ने मोहम्मद इकबाल को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया, जब्त होंगी 1000 करोड़ रुपये की तीन चीनी मिल

प्रवर्तन निदेशालय ने मोहम्मद इकबाल को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया और उसकी तीन चीनी मिलों सहित लगभग 1000 करोड़ की संपत्ति जब्त की। आरोपी लंबे समय से जांच से बच रहा था। न्यायालय के आदेश पर संपत्ति जब्त कर कानून का कड़ा संदेश दिया गया।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मोहम्मद इकबाल को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। सुनवाई कर रहे न्यायाधीश राहुल प्रकाश ने अपने आदेश में सख्त रुख अपनाते हुए इकबाल से जुड़ी तीन बड़ी चीनी मिलों को जब्त करने का आदेश दिया। इन मिलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1000 करोड़ बताई जा रही है।ईडी के अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद इकबाल लंबे समय से जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर था। लगातार कानूनी प्रक्रिया से बचने की कोशिश कर रहा था। ऐसे में FEOA के तहत इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है। मोहम्मद इकबाल यूपी का बड़ा खनन माफिया और एमएलसी रहा है। जिस पर लगातार ईडी की नजर है। 2024 में भी ईडी ने इकबाल की बनाई अवैध यूनिवर्सिटी को जब्त कर लिया था। इस यूनिवर्सिटी का जिम्मा उसके भाई और बेटों पर था। खनन माफिया पर मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध खनन जैसे कई गंभीर आरोप हैं।

चंडीगढ़ में ब्लास्ट: पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका, दूर तक गूंजी आवाज;पूरे शहर में अलर्ट

चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाह ब्लास्ट हुआ है। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। इसके बाद वहां हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी गई है। पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ है। बुधवार दोपहर बाद सेक्टर-37 स्थित भाजपा दरफ्तर के बाहर धमाका होने से वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद वहां दशहत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शाम करीब पांच बजे सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर एक स्कूटी खड़ी थी, उसमें जोरदार धमाका हुआ है। धमाके में किसी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। चंडीगढ़ की एसएसपी और आईजी पुष्पेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए हैं। यह स्कूटी किसकी थी अभी कोई सूचना नहीं है। भाजपा कार्यालय के भीतर कोई नुकसान नहीं है। वहीं फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वायड, बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद है और नमूने जुटाए जा रहे हैं। इस घटना के बाद पूरे शहर में अलर्ट कर दिया गया है।



बंगाल में चुनाव प्रचार: ओवैसी-हुमायूं कबीर एक मंच पर, AIMIM चीफ बोले- महज वोटिंग मशीन बनकर रह गए हैं मुस्लिम

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर के साथ चुनावी रैली की। उन्होंने कहा कि बंगाल में कमजोर वर्गों और मुसलमानों का शोषण रोकने के लिए वे एकजुट हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमानों और कमजोर वर्गों का शोषण हो रहा है और उन्हें सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया जाता है।आईएमआईएम (ढ्ढरूढ्ढरू) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को मुर्शिदाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने हुमायूं कबीर के नेतृत्व वाली पार्टी एजेयूपी (AJUP) के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांगे। ओवैसी ने कहा कि बंगाल में कमजोर वर्गों और मुसलमानों का शोषण रोकने के लिए उन्होंने कबीर के साथ हाथ मिलाया है।ओवैसी ने सत्ताधारी टीएमसी और अन्य दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने मुसलमानों का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया, लेकिन उनके विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों में इस समुदाय ने कांग्रेस, वाम मोर्चे और टीएमसी को वोट दिया, फिर भी उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।रैली में ओवैसी ने कहा कि भारतीय राजनीति की सच्चाई यही है कि जिस समाज का अपना नेतृत्व होता है, वही तरक्की करता है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि मुसलमान अब सिर्फ %वोटिंग मशीन% बनकर रह गए हैं। अब समय आ गया है कि मुस्लिम समुदाय अपने नेता खुद चुने। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और राजनीतिक फैसलों में उनकी हिस्सेदारी बढ़ेगी।ओवैसी ने दावा किया कि यह नया गठबंधन ममता बनर्जी और उनकी पार्टी को बड़ा झटका देगा। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि जीत मिलने पर उनकी आवाज मजबूती से उठाई जाएगी। पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल और दूसरे चरण का 29 अप्रैल को होगा। इन चुनावों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

सीएम योगी ने 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी, बोले- बीते नौ साल में लखनऊ में जीवनस्तर बढ़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन हेतु 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने लखनऊ में बीते नौ साल में हुए विकास कार्यों का वर्णन किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते नौ वर्षों में लखनऊ शहर के विकास को नई ऊंचाइयां मिली हैं। लखनऊ सिटी का दायरा बढ़ा और शहर को नया विस्तार मिला है। लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान प्राप्त किया है।शहर में मेट्रो का संचालन हुआ है। इसके साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण का मामला हो या फिर जलनिकासी का सबमें सुधार हुआ है। हम कह सकते हैं कि लखनऊ में लोगों का जीवनस्तर बढ़ा है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है अब लखनऊ में भी इसी तर्ज पर सोलर पैनल लगाकर यह कार्य तेजी से किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन हेतु 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ममता बनर्जी को सता रहा नए अधिकारियों का डर, टीएमसी उम्मीदवारों से कहा- नामांकन भरते समय सतर्क रहें

एक रैली में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने नए अधिकारियों की नियुक्ति टीएमसी उम्मीदवारों के नामांकन रद्द करने के लिए की है। उन्होंने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशियों से नामांकन दाखिल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। गौरतलब है कि बंगाल में चुनाव एलान के बाद बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, %सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नया सेटअप है। खारिज करने के लिए लगाए गए हैं, इसलिए नामांकन भरते समय सतर्क रहें। उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी राजनीतिक फायदे के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।मुख्यमंत्री ने खासकर महिलाओं से भाजपा को वोट न देने की अपील करते हुए कहा, वे (भाजपा) महिला विरोधी हैं, इसलिए एसआईआर में गलती का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। इससे पहले बुरवान में एक अन्य रैली में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ग्रामीण इलाकों में लोगों से नकद पैसे देने के नाम पर उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है। उन्होंने लोगों से ऐसी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। ,अपनी रैलियों में भाजपा पर जमकर निशाना साध रहीं ममता बनर्जी- ममता बनर्जी अपनी रैलियों में भाजपा पर जमकर निशाना साध रही हैं। खासकर एसआईआर को लेकर वे खासी हमलावर हैं।

संपादकीय Editorial

The Gardener of Turbans

The point raised by Technical Education Minister Rajesh Dharmani in the budget points is that the state should learn to reduce its expenditure. In reality, Himachal's schemes lack the rationale for holistic development. Here, requests change at the drop of a hat, and every constituency wants everything. There are many areas where politicians are thriving in the pomp and show of extravagance. Political labor has become a search for the gifts of power, and in this context, public behavior has become a platform for itself. The state's economy is being used to achieve records, while the gardener of turbans is being used. If we exclude the cost of turbans and garlands, we find solace in the simplicity of savings. Public platforms and fairs are now adorned with the names of politicians, and the attraction is the felicitation of those who are wealthy. In Himachal, civil society and non-political figures find no place, while the rationale behind every event has become political. If the annual celebrations of government schools weren't associated with politicians, the savings would be a different experience. Then come the foundation stone laying and inauguration ceremonies, where every laddu is being distributed to someone. In this very session, Shahpur MLA Kewal Singh Pathania uncovered the piles of scrap on roads, offices, and public spaces, and realized that there should be concern. If only this junk were removed, some scrap dealer would improve our condition. Even more important is the system and the contractor system. What kind of contracts are these, and what kind of contractors have the influence, that construction isn't complete yet bills are paid. Can anyone tell us where the remains of defunct solar lights have gone? Where are the pipes from defunct drinking water projects buried? Medicines languish in government stores, yet no one takes responsibility. The government sector needs to learn from the private sector's patience for savings. The state's buildings should be audited. If there is coordination between common pool buildings, common pool vehicles, and departmental objectives, savings can increase. Surprisingly, lakhs of rupees were spent on building gates for several departments under the Dharamshala Smart City project. Governments have forgotten to work consistently, while in this state, they have placed the burden of 'Mission Repeat' on the state. If we compare the expenditures of the previous governments in their fourth and fifth years, we will realize how much dust the treasury of unnecessary decisions has accumulated. Now, for some time, the word 'moratorium' should be used as a policy. Due to political rivalry or opposition, we create credit for ourselves and trouble for the opposition from empty pockets. If formalities, meetings, and political gimmicks had stopped, our policies would speak volumes. Governments have come and gone, but no one thought to create a permanent transfer policy. We have wasted budgets on purchasing public goods, otherwise who said we should make a few units of electricity free? Which woman demanded a bus fare discount for her? The public demands good governance. They know the accounting of every government penny. They understand how parties in power enrich their own clans. New contractors prosper through every MLA, and now, thanks to power, buildings are being built taller. Of course, every government has sought to curb wasteful spending, but given the longevity of their tenure, these measures have never been successful. Now, the tenures of those in power in Himachal Pradesh must be prolonged. If public behavior doesn't change, governments will continue to burden the public with debt while repaying election debt. Frugality is a discipline, and it must be adopted not only by governments.

A war that threatens to jeopardize the world will accelerate the shutdown of industries.

The West Asian crisis is deepening the global energy crisis, threatening to shut down industries. Trump's contradictory stance is hindering efforts to stop the ongoing conflict between the US, Israel, and Iran. The closure of the Strait of Hormuz has further exacerbated the situation. The West Asian crisis has deepened the global energy crisis, impacting industries. The UN Security Council has proven inactive in the US-Iran conflict. India should play an active role in Security Council reform. If the energy crisis continues due to the West Asian crisis, the shutdown of industries worldwide will accelerate, and people's suffering will increase significantly. US President Trump appears to be trying to stop the war between the US, Israel, and Iran that has been raging for almost a month, but he appears to be failing. This is due to his contradictory and unreliable approach. He is both threatening Iran and offering it a ceasefire. Citing talks with Iran, he first announced a five-day suspension of attacks on Iran's power and energy installations, then extended this period further. Meanwhile, Iran presented a 15-point ceasefire proposal, to which Iran responded with five conditions of its own. The 15-point proposal and five conditions make any meaningful dialogue between the two sides unlikely, given the lack of trust between them. The problem is that Trump is unreliable. Iran has realized that it can pressure the US by maintaining control over and blocking the Strait of Hormuz, as the energy crisis resulting from its closure has become global. According to the US, it is negotiating with Iran through several intermediaries. These intermediaries include Egypt, Turkey, and Pakistan. Pakistan, due to its geographical location, is useful to the US. Through it, the US is able to intervene in Iran. At one time, the US intervened militarily in Afghanistan with the help of Pakistan. It is believed that US President Trump's closeness with Pakistan was due to his strategy to target Iran. However, while Pakistan may consider itself unique among Muslim nations as the only nuclear-armed Islamic country, its international reputation is shaky and it is not at all trustworthy, making it in no position to mediate between the US and Iran. Its own Foreign Minister is saying that Pakistan is merely exchanging messages between the two countries. It would not be surprising if it were to try to achieve its own selfish ends with the US. It is adept at using itself for its own benefit and betraying the guise of friendship. That is why Indian Foreign Minister Jaishankar called it a broker country. This is an apt term. Trump is making various statements about Iran and is also indicating that he wants to stop this war. These signals are having an impact on the stock market, but it is difficult to say that the war is nearing its end, as attacks by Iran and Israel continue. The Strait of Hormuz also appears unlikely to reopen. Amid the uncertainty surrounding this war, the US President held talks with the Indian Prime Minister. It's difficult to say what transpired during these talks. Whatever the case, India wants the Strait of Hormuz to reopen soon to end the energy crisis. India could offer to mediate between the US and Iran, but it's likely prioritizing ensuring its ships continue to transit through Hormuz and normal relations with Iran. Whether or not meaningful talks occur between the US and Iran, stopping this war is essential, as the energy crisis caused by the crisis in West Asia is impacting the global economy. If the war doesn't ease in the next few days, the shutdown of industries will accelerate, exacerbating the suffering of people worldwide. Surprisingly, the role of the United Nations Security Council in the US-Israel-Iran war has been that of a helpless organization. The Security Council has become a passive and ineffective institution, unable to resolve any global crisis. The five countries on the Security Council are the United States, Britain, France, Russia, and China. China is not particularly harmed by this war. It is happy to see America in trouble. Russia, in a way, benefits because it has been granted permission to sell oil. America is consumed by its ego. Because Britain and France's international importance has diminished, they are unable to do anything. It is evident that whenever any Security Council member country becomes involved in a war, the institution fails further. It also failed in the Ukraine war because Russia attacked. All major countries realize that the Security Council is helpless due to America's actions in the Iran war, but they are not taking any action to reform the Security Council. If the Security Council continues to fail in this way in resolving global crises, its importance will be completely lost. The permanent members of the Security Council express the need for reform, but do not do anything concrete. In these circumstances, it It is essential for India to advocate for reforms to the Security Council that would change its working methods and prevent permanent members involved in wartime activities from using their veto power. As India's international standing is rising, it should increase its activism and accelerate its efforts to expand and reform the Security Council. India's activism should be such that major nations are forced to consider why India is not a member of this organization. It would be better if Russia, China, Britain, and France actively supported India's membership. This would be in their own interests.

Artificial Intelligence: OpenAI launched Sora with great fanfare, so why did it have to shut it down?

Sora was introduced as a major breakthrough in generative AI, capable of generating high-quality videos from simple text prompts. It represented the next frontier after text and image generation. However, despite its technical promise, the platform faced significant challenges that ultimately led to its discontinuation. OpenAI's decision to shut down its video-generation platform, Sora, has surprised many, but it was not entirely unexpected for those closely monitoring the AI ??ecosystem. This move reflects a profound shift in priorities across the industry—from experimental, compute-heavy applications toward more practical, economically viable AI systems. Sora was introduced as a major breakthrough in generative AI, capable of generating high-quality videos from simple text prompts. It represented the next frontier after text and image generation. However, despite its technical promise, the platform faced significant challenges that ultimately led to its discontinuation. The most significant issue was cost. Video generation is extremely resource-intensive. Unlike text or images, it requires continuously processing large amounts of data while maintaining visual consistency across frames. This demands immense computational power, making it one of the most expensive forms of AI inference.

Did Sora's economics fail? AI systems run on data centers powered by GPUs and specialized hardware. These resources are not unlimited. They are expensive to build, maintain, and scale. For a product like Sora, the cost of producing videos often exceeded the revenue it could generate. Simply put, its economics were not working. Furthermore, the AI ??industry is undergoing a shift from experimentation to profitability. In the early years of generative AI, companies focused on building diverse capabilities to demonstrate what was possible. However, as competition intensifies and investor expectations rise, pressure to deliver sustainable business models is increasing. This has led to a strategic reallocation of resources. Instead of investing heavily in high-cost, low-return applications like video generation, companies are focusing on areas with higher economic value. One such area is reasoning AI—systems designed to perform complex logical tasks, analyze data, and assist in decision-making. Reasoning models offer significantly higher returns on computational investment. They can be applied in a variety of industries, from finance and healthcare to software development and governance. These applications generate tangible value, making them more attractive to both companies and customers. Technical limitations of video AI—Another factor influencing this decision was the technical limitations of video AI. Despite technological advancements, these systems still struggle with realism and consistency. Problems like flickering, incorrect laws of physics, and visual distortions are common, especially in longer videos. These limitations reduce their reliability for professional use. There are also serious concerns about misuse. High-quality AI-generated videos can be used to create deepfakes, which can spread misinformation and lead to potential legal challenges. As regulatory scrutiny increases, companies must carefully consider the risks associated with such technologies. Legal uncertainties, particularly around copyright, add another layer of complexity. The ongoing debate about the use of training data can have a significant impact on AI companies. Investing heavily in domains with unresolved legal risks becomes a strategic liability. Furthermore, the global context cannot be ignored. Geopolitical tensions, energy constraints, and supply chain disruptions are affecting the availability and cost of computational resources. In such an environment, optimizing compute utilization becomes essential. Therefore, OpenAI's decision to phase out Sora is part of a broader trend. The industry is moving away from standalone, consumer-focused applications and toward integrated, enterprise-oriented solutions. The focus is now on building systems that can automate workflows, increase productivity, and deliver measurable impact. This shift also reflects a more mature understanding of the role of AI. The goal is no longer to create tools that can do everything, but rather to develop systems that excel at efficiently solving real-world problems. The future of AI lies in integration. Instead of separate tools for text, images, and video, companies are building integrated platforms that combine multiple capabilities. These platforms are designed to function as intelligent assistants, capable of reasoning, planning, and executing tasks. What does Sora's closure mean? Sora's closure highlights an important reality: only technical capabilities are sufficient. This alone is not enough. Sustainability, scalability, and economic viability are equally important. As the AI ??industry evolves, tough decisions like these will become more common. Ultimately, this marks a shift in the trajectory of AI development. The emphasis is shifting from creative experimentation to practical application. From generating content to solving problems. From spectacle to abstraction. This move by OpenAI may seem like a retreat, but in reality, it is a strategic step forward—one that aligns with the industry's long-term direction.

यूपी के रामपुर में दर्दनाक घटना: गैस सिलिंडर की लाइन में लगे दिव्यांग की मौत, अचानक बेहोश होकर गिरा; फिर न उठा

यूपी के रामपुर में गैस सिलिंडर की लाइन में लगे दिव्यांग किसान की मौत हो गई। करीब दो घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामपुर की गैस सिलिंडर की किल्लत के बीच आई है। ग्राम मनौना निवासी 55 वीरेंद्र कुमार मंगलवार दोपहर रास डांडिया पहुंचे थे। करीब दो के बाद अचानक उनकी तबीयत होकर गिर पड़े। एंबुलेंस से पहुंचाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत के परिवार में पत्नी शांति देवी, दो भानु ने आरोप लगाया कि दिव्यांगों व्यवस्था थी, न ही प्राथमिकता। के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस लिए भेज दिया है।क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने और अलग सुविधा की मांग की है। बेटी सिलिंडर की चिंता- उधर, अप्रैल कई शुभ लगन मुहूर्त हैं। इस महीने होनी हैं। मगर इन खुशियों के मौकों



माथे पर परेशानी की लकीरें हैं। परिजनों को शादी के लिए सिलिंडर की चिंता सता रही है। शादी जैसे आयोजन में लोगों को पांच से 10 सिलिंडर की आवश्यकता होती है, लेकिन लोगों को एक-दो ही सिलिंडर मिल पा रहे हैं। लोग आस-पड़ोस और अपने रिश्तेदारों से गैस कनेक्शन की किताब व ऑनलाइन बुकिंग का नंबर लेकर गैस बुक कराने और अपने काम छोड़कर लाइन में लगने को मजबूर हैं। परिवारों ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, लेकिन रसोई गैस सिलिंडर की कमी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बारातियों के भोजन की व्यवस्था को लेकर लोग परेशान हैं और दिन-रात सिलिंडर के इंतजाम में जुटे हुए हैं। शादी समारोह में भोजन बनाने वाले हलवाई भी अब सबसे पहले सिलिंडर की उपलब्धता के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। कैटरिंग का ठेका लेने वाले लोग ठेका इस शर्त पर ले रहे हैं कि परिवार वालों को ही सिलिंडर का इंतजाम करना होगा(ऐसे में परिवारों को खुद ही सिलिंडर की व्यवस्था करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस सिलिंडर की कमी के चलते शादी की तैयारियों पर असर पड़ रहा है। नौ अप्रैल को मेरी दो बहनों की शादी है, सारे इंतजाम हो गए हैं। बस सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। शादी से पहले सिलिंडर नहीं मिले तो बड़ी समस्या से जूझना पड़ेगा। -कासिम शेख मेरी बेटी की शादी चार अप्रैल को है। शादी में सिलिंडर का इंतजाम करना बहुत मुश्किल हो रहा है। सिलिंडर को लेकर परेशान हैं। -सईद मेरी बहन की शादी 15 अप्रैल को है। सबसे पहले मैं सिलिंडर के इंतजाम में लगा हुआ हूं, ताकि बरातियों के लिए भोजन बनाने में कोई बाधा न आए, लेकिन अभी तक सिलिंडर का इंतजाम नहीं हुआ है। -विक्की मेरी बेटी की शादी 21 अप्रैल को है, लेकिन सिलिंडर की चिंता बहुत है। सारे इंतजाम कर रहे हैं, लेकिन सिलिंडर का इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। सिलिंडर के इंतजाम में लगे हुए हैं। -लालाजी कोमल

व्हाट्सएप पर फोटो, क्यूआर कोड से पेमेंट, किराये के मकान में हाई प्रोफाइल रैकेट; ऐसे होता था सौदा

मुरादाबाद पुलिस ने बुद्धि विहार में कार्रवाई की है। पुलिस ने हरियाणा के दंपती समेत आठ गिरफ्तार किए हैं। दिल्ली की महिला और संभल के चार युवक भी दबोचे हैं। यहां किराये के मकान में हाईप्रोफाइल रैकेट चलता मिला है।मुरादाबाद के बुद्धि विहार स्थित एक किराये के मकान में हाईप्रोफाइल रैकेट चलता मिला है। पुलिस ने मौके से हरियाणा के दंपती, दिल्ली की एक महिला समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। रैकेट संचालित कर रहे हरियाणा के यमुना नगर निवासी रामवीर और उसकी पत्नी ने कबूला है कि वह ग्राहकों को व्हाट्सएप पर युवती और महिलाओं के फोटो भेजते थे। सौदा तय होने पर क्यूआर कोड के जरिए एडवांस में ही भुगतान ले लेते थे।एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि एक एनजीओ के जरिए पता चला कि मझोला के बुद्धि विहार में सेक्टर सात बी स्थित एक मकान में कुछ लोग मौजूद हैं। यहां हर रोज अलग अलग महिलाएं, युवती और युवक आते हैं। इनकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही हैं। इसकी जानकारी मिलने पर सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता और मझोला थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ मकान की घेराबंदी कर ली। पुलिस टीम मकान के अंदर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने इधर उधर भागने की कोशिश की लेकिन एक कमरे से एक युवक और महिला को हिरासत में ले लिया जबकि दूसरे कमरे में एक युवक और एक महिला मौजूद थी। जबकि तीसरे कमरे में चार युवक बैठकर शराब और बीयर पी रहे थे।

पूछताछ करने पर पता चला कि एक महिला हरियाणा के यमुना नगर क्षेत्र की रहने वाली है जबकि दूसरी महिला दिल्ली निवासी है। पुलिस ने मौके से एक महिला के पति रामवीर चौधरी (38)को गिरफ्तार किया है। इन तीनों के अलावा मौके से संभल के चौधरी सराय निवासी अल्फेज (21), गौहर (20) और फैजल (22), पाकबड़ा के पुराने थाने के पीछे रहने वाले आतिफ (19)और सऊद (26) हैं। पुलिस ने मौके से आपत्ति जनक सामान, दवाइयां, शराब और बीयर की बोतल बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में रामवीर और उसकी पत्नी ने बताया कि उन्होंने करीब एक साल पहले इस मकान को सिद्धार्थ नाम के व्यक्ति से किराये पर लिया था। इसके बाद दिल्ली और अन्य शहरों से लड़कियों और महिलाओं को यहां बुलाते थे। इसके बाद ग्राहकों को इनके फोटो व्हाट्सएप पर भेजकर सौदा तय करते थे। इसके बाद ग्राहकों से मिलने वाली आधी रकम अपने पास रख लेते थे और आधी रकम महिलाओं और युवतियों को दे देते थे। मंगलवार की दोपहर पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। पुलिस मकान मालिक की तलाश में जुटी है।

यूपी में निजी स्कूलों की मनमानी: अभिभावकों पर थोपी जा रही निजी प्रकाशकों की किताबें, प्रशासन का आदेश बेअसर

निजी स्कूलों के किताबों को लेकर मनमानी सामने आई है। मुरादाबाद प्रशासन के निर्देश के बावजूद कई स्कूल एनसीईआरटी लागू नहीं कर रहे हैं। कई स्कूल महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य कर अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक मनमानी सामने आई है। करने के निर्देश के बाद अभिभावकों पर महंगी ऑफ ऑल स्कूल के किताबें ही लागू कर दी गई हैं, लेकिन उनके साथ अभिभावकों की जेब पर सामने आया है। जहां प्रकाशकों की किताबें सेट अलग-अलग स्कूलों स्कूलों ने पहले से ही कुछ जाता है। इन दुकानों पर जाती है। इससे काफी

कक्षा	एनसीईआरटी (₹)	एनसीईआरटी नहीं (₹)
1	700	3500 – 5000
2	1000	3500 – 7500
3	1100	4000 – 4500
4	1150	5000 – 6000
5	1100	7000 – 7500
6	1250	7500 – 8000
7	1000	7500 – 8500
8	1000	7500 – 8000

की फीस के अलावा किताबें इस साल महंगी हो गई है। कई स्कूलों में एडमिशन कराने के लिए जानकारी ली। हर स्कूल में फीस, किताबों की कीमत अलग अलग है। कम पैसे खर्च होने वाले निजी स्कूल में एडमिशन को लेकर बात फाइनल हुई है। हरिओम सैनी, अभिभावक मैंने सोमवार को ही कोर्स खरीदा है। जो 4600 रुपये में मिला है। इसमें एनसीईआरटी की एक भी किताब नहीं है। साथ ही मुरादाबाद की एक ही दुकानों में यह किताबें उपलब्ध होगी, जिससे यह भी नहीं सोच सकते कि दूसरी दुकान पर जाकर डिस्काउंट करवा लेंगे। - शालू सैनी, अभिभावक एनसीईआरटी और निजी किताबों में 100 रुपये का भी अंतर होता तो शायद परेशानी नहीं होती, लेकिन जहां एनसीईआरटी का पूरा कोर्स आ जाएगा। वहां एक निजी किताब आ रही है। साथ ही 10 प्रतिशत फीस बढ़ाने के बाद 1200 रुपये क्वार्टर फीस अलग लगा दी है। - सौरभ अग्रवाल, अभिभावक सरकार ने अगर एनसीईआरटी की किताबों के सिलेबस को अप्रूव्ड किया है, तो वह किताबें बच्चों के लिए सही ही होंगी। फिर भी पता नहीं क्यों एनसीईआरटी की जगह निजी किताबों को आगे रखा जा रहा है। मेरी बेटी की 70 प्रतिशत किताबें निजी हैं। निजी किताबें 5 से 6 दुकानों पर मिलनी चाहिए, जिससे एक ही दुकान से किताबें खरीदने का दबाव न हो। - नेहा मिश्रा, अभिभावक

संक्षिप्त समाचार

नौगावां सादात में फर्नीचर कारोबारी की जान गई, बेटे की हालत गंभीर, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

अमरोहा के नौगावां सादात में फर्नीचर कारोबारी की बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें उनकी जान चली गई और बेटा जख्मी हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नौगावां सादात क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में फर्नीचर कारोबारी यशवंत सिंह (55) की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा भेड़ा भरतपुर अड्डे के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर लिया है। मृतक यशवंत सिंह मूलरूप से गांव गालिबबाड़ा के रहने वाले थे और वर्तमान में शहर के मोहल्ला इस्लाम नगर में रह रहे थे।अमरोहा-धनौरा मार्ग पर उनकी फर्नीचर की दुकान है। परिवार में पत्नी शशि देवी, बेटा हितेश और बेटी रिया हैं। परिजनों ने मंगलवार रात यशवंत सिंह अपने बेटे हितेश के साथ बाइक से गांव से अमरोहा घर लौट रहे थे। ,जैसे ही उनकी बाइक भेड़ा भरतपुर अड्डे के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे।मौके से गुजर रहे राहगीर ने डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में चिकित्सकों ने यशवंत सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके बेटे हितेश का उपचार जारी है।सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी मिली है, जिसके आधार पर आरोपी वाहन की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।



कैन-बोतल में पेट्रोल-डीजल देने वाले पेट्रोल पंप संचालक निशाने पर

मुरादाबाद- अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान रसोई गैस, पेट्रोल डीजल की किल्लत न हो इसके लिए प्रशासन सक्रिय है। प्रशासन के निशाने पर फिलिंग स्टेशनों पर कैन व बोतल में पेट्रोल-डीजल देने वाले पंप संचालक हैं। इन पर सख्ती की जा रही है। पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुचारू बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने आयल कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी पत्र लिखा है। वहीं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिलापूर्ति अधिकारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आदि टीम के साथ शहर से लेकर देहात तक पेट्रोल व डीजल पंपों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसमें कहीं भी कैन व बोतल में पेट्रोल-डीजल देने की निगरानी की जा रही है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने स्वयं पेट्रोल पंप पर पहुंचकर इसकी जांच की। उनके सामने ही कैन में डीजल लेने आए व्यक्ति को वापस लौटाया। फिलिंग सेंटर के कर्मचारियों को चेतावनी दी कि ऐसा कतई न करें। उन्होंने बताया कि अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के चलते रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल का कृत्रिम संकट उत्पन्न करने वालों पर सख्ती की जाएगी। नियमित मानीटरिंग कर व्यवस्था सुचारू बनाने में लगे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

बरेली परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर डीआईजी साहनी की सख्ती

हत्या, लूट, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम समेत सभी गंभीर मामलों पर हुई विस्तृत समीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, बरेली परिक्षेत्र द्वारा बुधवार को कार्यालय में परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों के साथ मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य बरेली, एसएसपी बदायूँ, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत एवं पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर मौजूद रहे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के अनुसार निर्धारित अपराधों की गहन समीक्षा की गई। इसके साथ ही आपराधिक प्रकरणों, माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही, निरोधात्मक कार्रवाई, एसआर केस एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

डीआईजी द्वारा हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण एवं साम्प्रदायिक संघर्ष जैसे संवेदनशील मामलों में की गई कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गई।

इसके अतिरिक्त वर्तमान में संचालित अभियानों जैसे ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत हुई प्रगति का भी आकलन किया गया।

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों, नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन एवं महिला बीट प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए साइबर हेल्प डेस्क के प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में लंबित विभागीय कार्यवाहियों, प्रारंभिक जांचों, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं अन्य शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साथ ही यक्ष एप के संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। अंत में डीआईजी द्वारा सभी जनपदों में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए।

हर्ष एनक्लेव कॉलोनी में सीपीआर प्रशिक्षण, नागरिकों को सिखाए गए जीवन रक्षक उपाय

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा /बरेली। नागरिक सुरक्षा कोर अलखनाथ प्रभाग की वार्डन पोस्ट इज्जत नगर द्वारा हर्ष एनक्लेव कॉलोनी में सी.पी.आर. (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन सहायक उप नियंत्रक प्रमोद डागर द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने उपस्थित लोगों को आपात स्थिति में जीवन बचाने के महत्वपूर्ण तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ, डिवीजनल वार्डन अंजय कुमार अग्रवाल, डिप्टी डिवीजनल वार्डन रिजर्व कमलजीत तथा आई.सी.ओ. राजेश श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक सीखने में गहरी रुचि दिखाई। उपस्थित नागरिकों ने इस उपयोगी प्रशिक्षण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराने का अनुरोध किया।इस अवसर पर पोस्ट वार्डन अश्वनी सक्सेना, पोस्ट वार्डन रिजर्व प्रवेंद्र कुमार, अजय राय, पंकज कुमार सक्सेना, ओमप्रकाश तिवारी, जयदीप प्रिय कुमार, खलीलपुर पोस्ट से मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ सहायक प्रेमपाल एवं ब्रह्मजीत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

मुकेश कुमार को मिली पीएचडी की मानद उपाधि

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा /बरेली।फरीदपुर तहसील के ग्राम अहिरोला निवासी 35 वर्षीय मुकेश कुमार को गणित क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मानद पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 28 मार्च को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। यह उपाधि Cedarbrook University (USA) द्वारा दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री रितु शिवपुरी मौजूद रहीं। इस अवसर पर मुकेश कुमार को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया।इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रूहेलखंड जीएसटी प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन का द्वितीय वार्षिक समारोह धूमधाम से हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । रूहेलखंड जीएसटी प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (RGPA) का द्वितीय वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द, ज्ञान-विनिमय और पारिवारिक मेल-मिलाप का एक यादगार अवसर बन गया। एसोसिएशन ने सीए कपिल वैश्य के कुशल नेतृत्व में अपना दूसरा वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया। जीएसटी से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों और विवादों पर चर्चा के उद्देश्य से गठित आर.जी.पी.ए. ने कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कार्यक्रम के दौरान सचिव सीए वैभव चावला ने एसोसिएशन की अब तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आर.जी.पी.ए. परिवार को लगातार बढ़ते और मजबूत होते देखना गर्व की बात है।समारोह में परिवारों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। बच्चों और बड़ों ने मिलकर जोड़ी गेम्स और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।इस अवसर पर सीए सुमित अग्रवाल, सीए प्रदीप तिवारी, सीए शैलेंद्र महेश्वरी, सीए हर्षित मेहरा, सीए अर्पित खंडेलवाल, सीए अतुल अग्रवाल, सीए मयंक गुप्ता और सीए अंकित मेहरा सहित कई गणमान्य सदस्य अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे।

फतेहगंज पुलिस ने अवैध हथियार के साथ शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली ।पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को नाजायज हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति हाईवे कट से रूकमपुर जाने वाले पुराने रास्ते पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मौके से नसीम खां उर्फ बब्लू पुत्र छोटे खां, निवासी ग्राम रूकमपुर से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक नाजायज 12 बोर पोनिया और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर मु0अ0सं0 99/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने कुछ अहम जानकारियां दी हैं, जिनके आधार पर पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। अभियुक्त के खिलाफ पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, एनडीपीएस एक्ट और पाक्सो एक्ट जैसे मामले शामिल हैं। इस कार्रवाई में उ0नि0 पंकज कुमार, हेडकां प्रदीप कुमार व लेखपाल सागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

नगर निगम की कार्रवाई से किसानों में रोष, किसान एकता संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / ?बरेली। दुग्ध डेयरी संचालकों और किसानों ने नगर निगम प्रशासन पर उत्पीड़न और भेदभावपूर्ण कार्रवाई का गंभीर आरोप लगाया है। किसान एकता संघ के नेतृत्व में किसानों ने बुधवार को नगर आयुक्त संजीव मौर्य को एक ज्ञापन सौंपकर कहा है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल डेयरी किसानों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि रसूखदार दुकानदारों और सड़क घेरकर व्यापार करने वालों की तरफ नगर निगम के अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री रवि नागर ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारी आए दिन जेसीबी लेकर हवाई अड्डा गेट के समीप पहुंच जाते हैं और किसानों को जमीन खाली करने के लिए डराते-धमकाते हैं। किसान सड़क के किनारे गड्ढों में और मुख्य मार्ग से दूर अपना कारोबार कर रहे हैं, फिर भी उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को याद दिलाया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में हवाई अड्डा गेट से टोल प्लाजा तक पदयात्रा निकाली जा चुकी है और जिलाधिकारी को भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

शादी का कार्ड दिखाओ, सिलिंडर पाओ जिले में शादी समारोह के लिए नई व्यवस्था लागू

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / ?बरेली। लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) संकट के बीच वैवाहिक आयोजनों की चिंता से निजात पाने के लिए बरेली जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था लागू की है। आयोजकों को सिलिंडर के लिए जिलाधिकारी या पूर्ति कार्यालय में विवाह के कार्ड के साथ प्रार्थनापत्र देना होगा। कितने सिलिंडर दिए जाएंगे ये अफसर तय करेंगे। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से कच्चे तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित होने से एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। 15 अप्रैल से सहालग शुरू हो रहे हैं। इधर आयोजकों को आतिथ्य के साथ ही केटरर्स और मैरिज हॉल संचालक को कारोबार की चिंता सता रही है।बताते हैं कि पूर्व में हुई

